Media Scanning & Verification Cell

Government of India

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7520	06.07.2023	07.07.2023	Bilaspur Himachal Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/himachal-pradesh/bilaspur/85-cases-of-scrub-typhus-in-the-district-since-january-bilaspur-news-c-92-1-bls1001-2025-2023-07-06
Title:	**85 cases of scrub typhus in Bilaspur district, Himachal Pradesh Since January**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Bilaspur, SSU- Himachal Pradesh			

जिले में जनवरी से लेकर अभी तक स्क्रब टायफस के 85 मामले आए हैं। स्क्रब टायफस से बचाव के लिए जागरूक होना आवश्यक है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि स्क्रब टायफस बरसात के मौसम में झाड़ियों और घास वाले क्षेत्र या खेतों में रहने वाले चूहों के शरीर में पाए जाने वाले पिस्सू से फैलने वाली बीमारी है। यह बीमारी पिस्सू के खून चूसने से होती है, जो काटने पर लार छोड़ देते हैं। इससे रिकेट्सिया नाम का जीवाणु व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाता है। इससे रोगी की हालत बिगड़ जाती है। जब यह संक्रमित माइट (पिस्सू) के काटने से फैलता है तो त्वचा पर काले रंग की पपड़ी उतरने लग जाती है।

स्क्रब टायफस में बुखार 104 से 105 डिग्री तक जा सकता है। इस बुखार को लोग जोड़-तोड़ बुखार भी कहते हैं। जोड़ों में दर्द के साथ बुखार, शरीर में एंठन, जकड़न, शरीर दर्द, पेट दर्द, कमजोरी और शरीर टूटा हुआ लगता है।

ऐसे करें बचाव

इससे बचाव के लिए शरीर की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। घर के आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखें। घर के चारों ओर खरपतवार नहीं उगने दें। घर के अंदर और आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

करना चाहिए। खेतों और झाड़ियों 0में काम करते समय शरीर को पूरा ढक कर रखें। खेतों से आने पर गर्म पानी से नहाएं और तौलिया से शरीर को रगड़कर अच्छी तरह साफ करें। स्क्रब टायफस का इलाज बहुत आसान है। शीघ्र डॉक्टर को दिखाना चाहिए। बुखार कैसा भी हो, नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर डॉक्टर का परामर्श अति आवश्यक है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC